सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **25**
08/01/2026

# प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवनों के गुणवत्तापूर्ण निर्माण हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**पटना दिनांक 08.01.2026**:– भवन निर्माण विभाग की ओर से 10 जनवरी एवं 11 जनवरी, 2026 को अधिवेशन भवन, पटना में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवनों के निर्माण कार्य से संबंधित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विभागीय अधीक्षण अभियंता,कार्यपालक अभियंताए सहायक अभियंताओं, कनीय अभियंताओं, साइट इंजीनियर्स तथा संवेदकों के लिए आयोजित किया जा रहा है। 10 जनवरी को उत्तर बिहार विंग के सभी संबंधित अभियंता एवं संवेदक भाग लेंगे जबकि 11 जनवरी को दक्षिण बिहार विंग एवं पटना विंग के अभियंता एवं संवेदक शामिल होंगे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि द्वारा किया जाएगा। सचिव महोदय के द्वारा अभियंताओं एवं संवेदकों को प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवनों के निर्माण की वर्तमान स्थिति, तकनीकी मानकों तथा गुणवत्तापूर्ण निर्माण के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। साथ ही, प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रों में भवनों के वास्तुशिल्पीय, संरचनात्मक डिजाइन, विद्युत फिटिंग्स, कार्य निष्पादन, गुणवत्ता जांच सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विभाग के वरीय पदाधिकारियों एवं अभियंताओं द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

भवन निर्माण विभाग द्वारा राज्य में 240 प्रखंडों में जर्जर अथवा गैर-मरम्मति योग्य प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवनों के नए भवनों का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही, 59 भवनहीन प्रखंडों में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय एवं आवासीय परिसर भवन का निर्माण एवं परिसर के विकास कार्य किया जा रहा है। प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय एवं

आवासीय परिसर के निर्माण हेतु प्रति प्रखंड 30 करोड़ 74 लाख 17 हजार रुपये तथा पुराने भवन की जगह नये प्रखंड सह-अंचल कार्यालय भवन के निर्माण के लिए प्रति प्रखंड 16 करोड़ 62 लाख 10 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है।

प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय के प्रशासनिक भवन (G+2) में प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी सहित प्रखंड स्तरीय अन्य पदाधिकारियों के कार्यालयए आधुनिक कॉन्फ्रेंस हॉल, आरटीपीएस काउंटर, कैंटिन और रिकॉर्ड रूम की व्यवस्था होगी। प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह-आवासीय परिसरों में प्रशासनिक भवन के साथ-साथ आवासीय सुविधाएं भी होंगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के साथ-साथ कर्मचारियों के लिए भी आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। भवनों की छत पर सोलर पैनल का अधिष्ठापन किया जाएगा, जिससे कार्यालय भवन में बिजली की बचत होगी।

.......................................